**No. 5/1/2017-CPI**
**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**'CLEREMONT', SHIMLA-171004**
**DATED: 31st May, 2017**

## Press Release

### Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW) – April, 2017

The All-India CPI-IW for April, 2017 increased by 2 points and pegged at 277 (two hundred and seventy seven). On 1-month percentage change, it increased by (+) 0.73 per cent between March, 2017 and April, 2017 when compared with the increase of (+) 1.12 per cent between the same two months a year ago.

The maximum upward pressure to the change in current index came from Food group contributing (+) 1.21 percentage points to the total change. At item level, Rice, Goat Meat, Milk, Pure Ghee, Onion, Brinjal, Cabbage, Carrot, Cauliflower, French Beans, Gourd, Green Coriander Leaves, Methi, Palak, Peas, Potato, Radish, Banana, Apple, Husk Melon, Lemon, Mango, Tea (Readymade), Cooking Gas, Kerosene Oil, Medicine (Allopathic), Toilet Soap, Barber Charges, Washing Soap, Tailoring Charges, etc. are responsible for the increase in index. However, this increase was checked by Wheat, Wheat Atta, Arhar Dal, Mustard Oil, Eggs (Hen), Chillies Dry, Garlic, Lady's Finger, Parwal, Tomato, Torai, Petrol, Flower/Flower Garlands, etc., putting downward pressure on the index.

The year-on-year inflation measured by monthly CPI-IW stood at 2.21 per cent for April, 2017 as compared to 2.61 per cent for the previous month and 5.86 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, the Food inflation stood at 0.67 per cent against 1.71 per cent of the previous month and 7.55 per cent during the corresponding month of the previous year.

At centre level, Tiruchirapally reported the maximum increase of 10 points followed by Marcara (6 points) and Rourkela, Doom-Dooma Tinsukia, Mariani-Jorhat, Rangapara-Tezpur, Angul-Talcher and Mundakkayam (5 points each). Among others, 4 points increase was observed in 2 centres, 3 points in 17 centres, 2 points in 12 centres and 1 point in 14 centres. On the contrary, Himachal Pradesh and Quilon recorded maximum decrease of 5 points each. Among others, 3 points decrease was observed in 1 centre, 2 points in 2 centres and 1 point in 7 centres. Rest of the 13 centres' indices remained stationary.

The indices of 34 centres are above All-India Index and other 44 centres' indices are below national average.

The next issue of CPI-IW for the month of May, 2017 will be released on Friday, 30th June, 2017. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in.*

**(SHYAM SINGH NEGI)**
**DEPUTY DIRECTOR GENERAL**

संख्या-5/1/2017-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 मई, 2017

## प्रेस विज्ञप्ति

## औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - अप्रैल, 2017

अप्रैल, 2017 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक बढ़कर 277 (दो सौ सतहत्तर) अंकों के स्तर पर रहा। सूचकांक में मार्च, 2017 एवं अप्रैल, 2017 के बीच (+) 0.73 प्रतिशत की वृद्धि रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 1.12 प्रतिशत था।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 1.21 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में चावल, बकरे का मांस, दूध, देसी घी, प्याज, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फुल गोभी, फ्रासबीन, लौकी, हरा धनिया, मेथी, पालक, मटर, आलू, मूली, केला, सेब, खरबूजा, नींबू, आम, चाय (तैयार), रसोई गैस, मिट्टी का तेल, दवाइयां (ऐलोपेथिक), नहाने का साबुन, नाई प्रभार, कपड़े धोने का साबुन, सिलाई प्रभार, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेहूँ, गेहूँ आटा, अरहर दाल, सरसों का तेल, अण्डे (मुर्गी), सूखी मिर्च, लहसुन, भींडी, परवल, टमाटर, तोरी, पेट्रोल, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि ने सूचकांक में वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 2.61 प्रतिशत तथा गत वर्ष के अप्रैल माह के 5.86 प्रतिशत की तुलना में इस माह 2.21 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 1.71 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 7.55 प्रतिशत की तुलना में 0.67 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, तिरूचिरापल्ली के सूचकांक में 10 अंक की अधिकतम वृद्धि रही जिसके बाद मरकारा (6 अंक) और राउरकेला, डुमडुमा तिनसुकिया, मरियानी-जोरहाट, रंगापारा-तेजपुर अंगुल-तलचर, और मुण्डाक्याम (5 अंक प्रत्येक)। अन्य में, 2 केन्द्रों में 4 अंक, 17 केन्द्रों में 3 अंक, 12 केन्द्रों में 2 अंक तथा 14 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरित, हिमाचल प्रदेश और क्विलोन में अधिकत्तम 5 अंकों की कमी पाई गई। अन्य 1 केन्द्र में 3 अंक, 2 केन्द्रों में 2 अंक तथा 7 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। शेष 13 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

34 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा 44 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी मई, 2017 माह के लिए दिन शुक्रवार, जून 30, 2017 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(श्याम सिंह नेगी)
उप महा निदेशक